प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शुक्रवार दिनांक 07.02.2025

मुख्य समाचारः—

- भारतीय रिजर्व बैंक ने अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए ब्याज दरों में कमी की।
- प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के लिए तेज हुआ प्रचार।
- उत्तराखंड में चल रहे राष्ट्रीय खेल में आज छत्तीसगढ़ ने तीरंदाजी में दो पदक हासिल किए।
- दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर क्षेत्र में बीती रात माओवादियों ने सरपंच प्रत्याशी की हत्या की।

आरबीआई—रेपो रेट

करीब पांच वर्ष बाद भारतीय रिजर्व बैंक ने नीतिगत रेपो रेट में पच्चीस आधार अंकों की कमी की है और इसे साढ़े छह प्रतिशत से घटाकर सवा छह प्रतिशत कर दिया है। रेपो रेट वह ब्याज दर है जिस पर भारत में वाणिज्यिक बैंक रिजर्व बैक से धन उधार लेते है। केन्द्रीय बैंक के गर्वनर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति—एमपीसी की तीन दिन तक चली बैठक के बाद आज मुम्बई में यह घोषणा की। इसके परिणामस्वरूप, स्थाई जमा सुविधा—एसडीएफ की दर छह प्रतिशत और मार्जिनल स्थायी सुविधा—एमएसएफ दर तथा बैंक दर साढ़े छह प्रतिशत रहेगी।

इस निर्णय का औचित्य स्पष्ट करते हुए श्री मल्होत्रा ने बताया कि मंहगाई में कमी आई है और दो हजार पच्चीस—छब्बीस के दौरान इसमें और सुधार होने का अनुमान है।

बैंकिंग धोखाधड़ी से बचने के लिए श्री मल्होत्रा ने यह भी घोषणा की कि, रिजर्व बैंक भारतीय बैंकों के लिए एक विशेष इंटरनेट डोमेन— 'बैंक डॉट इन' लागू करेगा। इस डोमेन नाम का पंजीकरण इस साल अप्रैल से शुरू होगा। इसके बाद वित्तीय क्षेत्र के लिए 'फिन डॉट इन' डोमेन लागू किया जाएगा।

नगरीय निकाय चुनाव—प्रचार

प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के लिए ग्यारह फरवरी को मतदान होगा। मतदान को अब करीब तीन दिन बचे हैं। सभी प्रमुख दलों के साथ ही निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपना प्रचार तेज कर दिया है।

इसी कड़ी में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज चिरमिरी में चुनावी सभा को संबोधित कर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में लोगों से वोट देने की अपील की।

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने कल राजनांदगांव में विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अटल जी के नाम पर भाजपा द्वारा तैयार किये गए 'अटल विश्वास पत्र' के एक—एक वादे को पूरा किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नगर निगम राजनांदगांव से भाजपा के महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव और सभी वार्डों के पार्षद पद के लिए भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी प्रचार किया। सभा में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल, महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव सहित अन्य वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

दूसरी ओर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी अनेक स्थानों पर चुनावी सभा लेकर कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज कल दंतेवाड़ा के साथ ही किरंदुल, बड़े बचेली, बारसूर और गीदम में आमसभा को संबोधित करेंगे।

नगर निगम–प्रोफाइल

नगरीय निकाय चुनाव के तहत राज्य के विभिन्न नगर निगमों की प्रोफाइल की श्रृंखला की कड़ी में आज हम आपको अंबिकापुर नगर निगम के बारे में बताएंगे।

बातों–बातों में

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश के समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' के तहत इस बार प्रदेश में हो रहे नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह से ली गई भेंटवार्ता की दूसरी कड़ी प्रसारित की जाएगी। यह कार्यक्रम कल आठ फरवरी को सुबह साढ़े दस बजे आकाशवाणी केंद्र रायपुर से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

सैन्य अधिकारी–मुख्यमंत्री मुलाकात

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज उनके निवास कार्यालय में नेशनल डिफेंस कॉलेज के अट्ठारह सैन्य और सिविल सर्विस के अधिकारियों के दल ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ बहुत सुंदर प्रदेश है और नैसर्गिक सुंदरता, सांस्कृतिक धरोहर और समृद्ध जैव विविधता इसे खास पहचान देती है।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के दल को प्रदेश में नक्सल उन्मूलन को लेकर किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। दल का नेतृत्व कर रहे एडमिरल संदीप सिंह संधु ने बताया कि नेशनल डिफेंस कॉलेज के द्वारा प्रति वर्ष एक वर्षीय कोर्स संचालित किया जाता है, जिसमें सेना, सिविल सेवा और अंतरराष्ट्रीय रक्षा अधिकारियों को रणनीतिक विषयों पर प्रशिक्षित किया जाता है। इस वर्ष एक सौ चौबीस अधिकारी इस कोर्स में शामिल हैं, जिनमें तेरह भारतीय और पांच अन्य देशों के अधिकारी हैं। ये सभी छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक और प्रशासनिक ढांचे को समझने के लिए भ्रमण पर आए हैं।

इससे पहले, इस दल ने दंतेवाड़ा पहुंचकर जिले में संचालित सामाजिक और आर्थिक उत्थान से जुड़ी विभिन्न योजनाओं का अवलोकन किया और जिला प्रशासन तथा पुलिस विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। अधिकारियों ने गीदम स्थित डेनेक्स फैक्ट्री, कारली स्थित नक्सल पीड़ित पुनर्वास केंद्र और एजुकेशन सिटी जावंगा का भी अवलोकन किया।

उत्तराखंड–राष्ट्रीय खेल

उत्तराखंड में चल रहे राष्ट्रीय खेल में आज छत्तीसगढ़ ने तीरंदाजी में दो पदक हासिल किए हैं। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए दल के प्रमुख साही राम जाखड़ ने बताया कि महासमुंद की चांदनी साहू ने तीरंदाजी की व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया है। वहीं, तीरंदाजी में ही ग्रुप टीम ने कांस्य पदक हासिल किया है।

अड़तीसवें राष्ट्रीय खेल में छत्तीसगढ़ ने अब तक पांच स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य सहित कुल चौदह पदक प्राप्त किए हैं।

बीएसपी–अवॉर्ड

दुर्ग स्थित भिलाई इस्पात संयंत्र को स्टील उद्योग में मानव संसाधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए 'गोल्डन पीकॉक एचआर एक्सीलेंस अवार्ड–दो हजार चौबीस' से सम्मानित किया गया है। भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स, इंडिया के सह–अध्यक्ष उदय उमेश ललित ने मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार को यह पुरस्कार प्रदान किया।

महाकुंभ–एक दिशा मूवमेंट

महाकुंभ में श्रद्धालुओं की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए यात्रियों की सुरक्षा और सुगमता से प्रवेश और निकासी के लिए प्रयागराज जंक्शन पर आज से अग्रिम आदेश तक एकल दिशा मूवमेंट लागू रहेगा। इस दौरान प्रवेश केवल सिटी साइड–प्लेटफ़ॉर्म नंबर–एक की ओर से दिया जाएगा और निकास केवल सिविल लाइंस साइड की ओर से होगा। अनारक्षित यात्रियों को दिशावार यात्री आश्रय के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। टिकट की व्यवस्था यात्री आश्रयों में अनारक्षित टिकट काउंटर, एटीवीएम और मोबाइल टिकटिंग के रूप में रहेगी।

आरक्षित यात्रियों को प्रवेश गेट संख्या–पांच के माध्यम से दिया जाएगा और उन्हें गाड़ी आने से आधे घंटे पहले ही प्लेटफॉर्म पर जाने की अनुमति होगी।

इस दौरान स्टेशन के दोनों और आवागमन के लिए पर्याप्त साधनों की उपलब्धता बनी रहेगी।

सरपंच उम्मीदवार–हत्या

दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर क्षेत्र में बीती रात माओवादियों ने सरपंच प्रत्याशी जोगा बारसे की हत्या कर दी है। घटना की पुष्टि करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरके बर्मन ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है।
गौरतलब है कि माओवादियों ने पिछले दो दिनों के दौरान चार लोगों की हत्या कर दी है।

युवक मौत

कोरबा जिले के दर्री थानांतर्गत हसदेव नदी में डूबे तीसरे युवक का शव घटनास्थल से छह किलोमीटर दूर दर्री डैम पर मिला है। नगर सेना के जिला प्रभारी पीबी सिदार ने बताया कि तीन दिन पहले तीन युवक दर्री स्थित हसदेव नदी में नहाने के दौरान डूब गए थे। घटना की सूचना मिलने के बाद गोताखोरों की टीम और एसडीआरएफ की टीम युवकों की तलाश में जुटी हुई थी। इससे पहले, कल दोपहर दो अन्य युवकों के शव भी बरामद कर लिए गए थे।

एसईसीएल–नोटिस

बिलासपुर एसडीएम ने कलेक्टर के निर्देश पर जिले में पेड़ो की अवैध कटाई के मामले में एसईसील के सीएमडी को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिनों के भीतर जवाब पेश करने को कहा है।

गौरतलब है कि एसईसीएल द्वारा पेड़ों की कटाई कराने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने बिलासपुर एसडीएम को जांच कराने के निर्देश दिए थे। जांच में शिकायतकर्ता के आरोप को सही पाया गया। पटवारी ने जांच रिपोर्ट में एक सौ छियालीस से अधिक पेड़ों की कटाई की पुष्टि की है।